**भारत सरकार**
**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 177**
**22.07.2024 को उत्तर के लिए**

**सिक्किम में जलवायु परिवर्तन हेतु अध्ययन केन्द्र**

**177. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिक्किम राज्य में जलवायु परिवर्तन के लिए कोई अध्ययन केंद्र स्थापित किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार की ऐसे केन्द्र की स्थापना करने की कोई योजना है; और

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन के अध्ययन के लिए सरकार द्वारा आबंटित और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) और (ख) हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए वर्ष 2014 में सिक्किम राज्य में एक राज्य जलवायु परिवर्तन प्रकोष्ठ की स्थापना की गयी है, इसका संचालन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है तथा यह राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना का ही एक भाग है और इसकी स्थापना मिशन मोड के तहत हुई है और इसका वित्त पोषण विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा ही किया जा रहा है। केंद्र सरकार राज्य को संवेदनशीलता और जोखिम मूल्यांकन, मानव क्षमता निर्माण कार्यक्रमों, जन जागरूकता कार्यक्रमों और संस्थागत क्षमता निर्माण के लिए सहायता प्रदान करता है।

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन के अध्ययन के लिए आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-I** में संलग्न है।

*****

**अनुबंध-I**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान जलवायु परिवर्तन संबंधी अध्ययन के लिए राज्य-वार आवंटित और उपयोग की गई धनराशि**

| क्र. सं. | राज्य | कुल आवंटित धनराशि | वित्तीय वर्ष | जारी की गई राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अरुणाचल प्रदेश | 320.6 | 2019-20 | 260.1 |
| 2. | हिमाचल प्रदेश | 128.8 | | 121.5 |
| 3. | मध्य प्रदेश | 281.2 | | 110.5 |
| 4. | असम | 1476.6 | | 976.4 |
| 5. | जम्मू और कश्मीर | 758.2 | | 574.6 |
| 6. | सिक्किम | 680.4 | | 554.5 |
| 7. | मिजोरम | 453.1 | | 369.9 |
| 8. | उत्तराखंड | 206.3 | 2020-21 | 219.0 |
| 9. | मणिपुर | 214.4 | | 141.4 |
| 10. | सिक्किम | 272.3 | | 196.1 |
| 11. | पंजाब | 273.1 | 2021-22 | 116 |
| 12. | त्रिपुरा | 149.2 | | 60.0 |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | 393.7 | | 250.1 |
| 14. | दिल्ली | 952.6 | | 427.4 |
| 15. | उत्तराखंड | 1613.4 | | 939.6 |
| 16. | चंड़ीगढ़ (संघ राज्य क्षेत्र) | 233.8 | | 117 |
| 17. | मिजोरम | 239.9 | | 149.0 |
| 18. | जम्मू और कश्मीर | 394.3 | 2022-23 | 120.2 |
| 19. | गोवा | 274.0 | | 110.6 |
| 20. | झारखंड | 262.6 | | 56.4 |
| 21. | हरियाणा | 271.9 | | 155.9 |
| 22. | कर्नाटक | 515.3 | | 181.2 |
| 23. | दिल्ली | 138.0 | | 7.40 |
| 24. | उत्तराखंड | 256.4 | | 68.1 |
| 25. | महाराष्ट्र | 372.7 | | 160.6 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 266.8 | | 53.2 |
| 27. | केरल | 259.7 | | 58.8 |
| 28. | पुडुचेरी (संघ राज्य क्षेत्र) | 245.9 | | 62.1 |
| 29. | तेलंगाना | 266.5 | | 70.7 |
| 30. | तमिलनाडु | 204.8 | | 46.8 |
| 31. | पश्चिम बंगाल | 278.7 | | 50.0 |
| 32. | अरूणाचल प्रदेश | 257.0 | | 111.9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 33. | दिल्ली | 421.2 | 2023-24 | 150.1 |
| 34. | छत्तीसगढ़ | 231.1 | | 45.2 |
| 35. | लद्दाख | 360.3 | | 98.0 |
| 36. | नगालैंड | 251.4 | | 54.2 |
| 37. | मेघालय | 213.5 | | 42.9 |
| 38. | उत्तर प्रदेश | 577.1 | | 384.1 |
| 39. | गुजरात | 281.8 | | 161.7 |
| 40. | उत्तराखंड | 296.8 | | 204.7 |
| 41. | अरूणाचल प्रदेश | 117.5 | | 70.5 |
| 42. | जम्मू और कश्मीर | 73.3 | | 33.5 |
| 43. | उत्तर प्रदेश | 573.4 | 2024-25 | 216.5 |
| 44. | उत्तराखंड | 672.0 | | 139.6 |
| 45. | दिल्ली | 110.2 | | 42.9 |

***